Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:23 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:07 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 84 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 17 सितम्बर 2024




कंगना ने पीएम मोदी को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मोदी सरकार ने पेश किया 100 दिन के कामकाज का लेखाजोखा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बुकलेट लॉन्च की और सरकार की उपलब्धियां गिनाई। अमित शाह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी जी का जन्मदिन है। पूरे देश में कई संस्थाओं ने उनके जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के नाम से मनाने के निर्णय लिया है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 15 दिन देश भर के सभी जरूरतमंदों की सेवा में हमारे जैसे काफी कार्यकर्ता लगेंगे।

### टेंपो में बैठे शराब पी रहे लोगों ने वृद्ध पर हमला किया,बेहोश होने पर हमलावर भागे

**रुद्रपुर।** खाना खाकर टहलने निकले वृद्ध को टेंपो में बैठे शराब पी रहे लोगों को टोकना भारी पड़ गया। उक्त लोगों ने वृद्ध पर हमला कर दिया। वृद्ध को बेहोश होने पर हमलावर फरार हो गए। पूरी घटना इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रही। घायल वृद्ध को अस्पताल में भर्ती कराया है। मामला थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि श्मशान घाट रोड निवासी वृद्ध ओमप्रकाश रविवार रात खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे श्मशान घाट रोड स्थित तालाब के पास एक टेंपो में कुछ लोग शराब पी रहे थे। यह देख वृद्ध ने उन्हें टोका। बताया जा रहा है कि वृद्ध के टोकने पर वह भड़क गए। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने गालीगलौज करते हुए ओमप्रकाश पर हमला कर दिया। साथ ही बेल्टो से उनकी पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गए। हालांकि आसपास कुछ लोग भी थे लेकिन कोई भी बचाने का साहस नहीं कर पाया। बाद में वृद्ध के बेहोश होने पर हमलावर फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने उन्हें उपचार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## वीकेंड के बाद नैनीताल एकाएक बढ़े पर्यटक

**नैनीताल** — हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड के बाद दो छुटिटयां एक साथ पडने की वजह से नैनीताल में पर्यटकों की संख्या में एकाएक इजाफा हो गया। सोमवार को दिनभर माल रोड समेत अन्य दर्शनीय स्थलों में मौज मस्ती करने के बाद जब पर्यटक अपने गनत्व को जाने के लिए बस स्टेशन में पहुंचे तो वहां पर बसों की कमी की वजह से उन्हें सीट पाने के लिए खूब पसीना बहाना पडा। बढ़ती भीड़ का फायदा नैनीताल के टैक्सी चालकों ने उठाया। बता दें कि सोमवार को नैनीताल की फि जा पूरी तरह बदली नजर आई,सुहावने मौसम के बीच जहां पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार किया वही उन्होंने चिड़ियाघर,केव गार्डन, वुडलैंड वाटर फाल, हिमालयन बाटनिकल गार्डन, स्नोव्यू तथा हिमालय दर्शन,हनुमानगढी समेत अन्य दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। पर्यटकों की बढ़ती संख्या की वजह से नगर के सभी होटल व होलीडे होम तथा गैस्ट हाउस भी पैक हो गए थे। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार होटल कारोबारी ऑटम सीजन की तैयारी करने लगे हैं जिसके चलते सैलानियों की आमद बढती चली जाएगी। उन्होंने प्रशासन से यातायात व्यवस्था दुरुस्त किए जाने को लेकर अनुरोध किया है।



### नैनीताल में नाव चालक लंबे समय से नई लाइफ जैकेट की कर रहे मांग

संबंधित खबर पेज 2 पर...

### केजरीवाल ने त्याग की मिसाल पेश की

## सीएम चुने जाने के बाद पहली बार बोलीं आतिश

**नई दिल्ली** — एजेंसी

मुख्यमंत्री पद की दौड़ में कई नाम शामिल थे। इसमें मौजूदा कैबिनेट के सदस्य आतिशी, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत के अलावा पूर्वी दिल्ली लोकसभा के प्रत्याशी रहे कुलदीप कुमार, विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़लान समेत दूसरे नाम भी शामिल थे। लेकिन आतिशी के नाम पर मुहर लग गई है।

आप विधायक मदनलाल ने कहा कि आतिशी पर मुख्यमंत्री पहले से विश्वास करते थे। सरकार में सबसे ज्यादा 14 मंत्रालय उन्हीं के पास था। उसे समय भाजपा ने कोई आरोप नहीं लगाया। आज भाजपा के पास कहने के लिए कुछ नहीं है तो बे बुनियाद आरोप लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी को महत्वपूर्ण कार्य करने हैं। इनमें से महिला सम्मान योजना को लागू करना है। इस योजना में दिल्ली की हर महिला को 1000 प्रतिमा की आर्थिक मदद दी जाएगी। विधानसभा भंग करने पर




विधायकों ने कहा कि हमारे पास पूर्ण बहुमत है। दिल्ली की जनता ने हमें काम करने के लिए चुना है। दिल्ली के विकास के लिए आम आदमी पार्टी सरकार ने जो भी योजनाएं शुरू की है उन सभी को आगे भी जारी रखा जाएगा। मुख्यमंत्री आवास से मीटिंग के बाद बाहर निकालने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए आम आदमी पार्टी के विधायक और नेता। आप विधायक मदनलाल ने कहा कि आतिशी पर मुख्यमंत्री पहले से विश्वास करते थे। सरकार में सबसे ज्यादा 14 मंत्रालय उन्हीं के पास था। उसे समय भाजपा ने कोई आरोप नहीं लगाया। आज भाजपा के पास कहने के लिए कुछ नहीं है तो बे बुनियाद आरोप लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी को महत्वपूर्ण कार्य करने हैं। इनमें से महिला सम्मान योजना को लागू करना है। इस योजना में दिल्ली की हर महिला को 1000 प्रतिमा की आर्थिक मदद दी जाएगी। विधानसभा भंग करने पर विधायकों ने कहा कि हमारे पास पूर्ण बहुमत है। दिल्ली की जनता ने हमें काम करने के लिए चुना है।

## नैनीताल जिले में बारिश थमी पर 22 सड़कें अब भी हैं बंद

**हल्द्वानी** — हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले में बीते 24 घंटे में कहीं भी बारिश नहीं हुई लेकिन अब भी 22 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा हल्द्वानी, बोहरकोट व ओखलढूंगा के कुछ क्षेत्रों में में पेयजलापूर्ति बाधित है।



जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में बारिश नहीं हुई लेकिन बारिश की वजह से तमाम सड़कें अब भी बंद हैं। इनमें हल्द्वानी में गौलापुल-रेलवे क्रासिंग मार्ग, बिचखाली-पाथरी, तल्ला रामगढ़-रातीघाट, मल्ला रामगढ़ डाक बंगला, सिमलखा-सकदीना, कूल बिरखन-सूड, फतेहपुर-बेल, बानना-बासा-जंगलियागांव, बजून-अक्सू, बरेली-अल्मोड़ा-सिरसा, टकुरा-तुषराड, पदमपुर-सूवाकोट, नाई-भुमका, वलना-बलना, पतलिया-ज्योसूडा, चमडिया-लोहाली-गौना, देवली-महतौली, बजून-अधौड, मुरकुडिया-लूगड, रातीघाट-जाख-बारगल, ईलाजर-चमोलीबडौन, भूमिया मंदिर-बंराशी मार्ग शामिल है। इनमें अधिकांश मार्ग 13 सितंबर से बाधित हैं, कुछ सड़कों में इतना मलवा है कि उन्हें खोलने में 25 सितंबर तक का समय लगेगा। हालांकि प्रशासन की ओर से सभी बंद पड़े मार्गों को खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई हैं। इसके अलावा बारिश की वजह से हल्द्वानी, बोहराकोट व ओखलढूंगा में कुछ स्थानों पर पेयजलापूर्ति बाधित है।

## पुलिस और एसओजी की टीम किया 84 बोतल शराब समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी** — हमारे संवाददाता

पुलिस और एसओजी की टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद कर एक आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया गया है। एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, हेड कांस्टेबल ललित श्रीवास्तव और कांस्टेबल चंदन नेगी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस और एसओजी की टीम ने मण्डी बाईपास रोड पर स्थित होण्डा शोरूम के पास से गुजरते हुए एक संदिग्ध कार को देखा, जो सड़क के किनारे विपरीत दिशा में खड़ी थी। कार के चारों इण्डीकेटर्स जल रहे थे, जिससे पुलिस

**कार्रवाई**

- तलाशी में जेब से 20 हजार रुपये की नगदी मिली

को संदेह हुआ और टीम ने कार की जांच शुरू की। पुलिस ने कार के चालक, अमन जोत को कार से बाहर निकालकर पूछताछ की। उसकी तलाशी ली गई तो उसकी जेब से 20 हजार रुपये की नगदी मिली। इसके बाद, कार की डिग्गी की तलाशी लेने पर सात पेटियों में 84 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पूछताछ में अमन जोत ने बताया कि वह महंगी स्कॉच शराब चोरी-छिपे बेचता है और पकड़ी गई नगदी भी शराब बिक्री से कमाए पैसे हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तस्कर में प्रयुक्त कार को सीज कर दिया है।

## छह शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की 12 बाइक बरामद



**हल्द्वानी** — हमारे संवाददाता

एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के दिशा-निर्देशन में नैनीताल पुलिस ने जनपद में अपराधों की रोकथाम के लिए बड़ा कदम उठाया है। एसपी हल्द्वानी और क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी के निर्देशन में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में बनभूलपुरा पुलिस टीम ने 6 शातिर मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी की गई मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं। बीती 11 सितंबर को मेराजुद्दीन निवासी आजादनगर ने थाना बनभूलपुरा में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी मोटरसाइकिल घर के बाहर से चोरी हो गई थी। वाहन चोरी की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वाहन चोर की तलाश शुरू कर दी।

एसएसपी ने मामले के खुलासे के लिए थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। उपनिरीक्षक अनिल कुमार की अगुवाई में टीम ने चैकिंग के दौरान आंवला गेट रेलवे फाटक गौला बाईपास के पास 6 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए आरोपियों में कुबेर सिंह उर्फ अमन, सलीम अली, ओम शर्मा उर्फ अंशु, ध्रुव शर्मा उर्फ गुन्नू, रवि सिंह,

### जबकि सलीम अली पूर्व में चाकू और कॉपर की चोरी के मामले में जेल जा चुका है

ओम शर्मा उर्फ अंशु मई 2024 में किच्छा थाने से टुकटुक की बैट्री चोरी के मामले में जेल में रह चुका है। रवि सिंह मई 2024 में रुद्रपुर कोतवाली से दो मोटरसाइकिल चोरी के मामले में जेल में रह चुका है। जबकि संदीप मौर्या जनवरी 2024 में बाईक लूट और मई 2024 में नकबजनी के मामलों में जेल में रह चुका है। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में पता चला कि ये शातिर अंतर्राज्यीय चोरों का गिरोह है। ये गिरोह नैनीताल जिले के हल्द्वानी, बनभूलपुरा, मुखानी, रामनगर और अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ रुद्रपुर, किच्छा और पंतनगर में भी वाहनों की चोरी करता था। चोरों ने वाहनों की चोरी के बाद फर्जी नंबर प्लेट लगाकर और चेसिस नंबर बदलकर वाहनों का उपयोग किया। इन चोरों द्वारा चोरी किए गए वाहनों को नशे की पूर्ति के लिए बेचा जाता था या अन्य अपराधों में प्रयोग किया जाता था।पुलिस टीम में एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, एसआई अनिल कुमार, कां. सुनील कुमार, भूपेन्द्र जेष्ठा, महबूब अली शामिल रहे।

संदीप मौर्या शामिल हैं। मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि पकड़े गए आरोपी शामिर किस्म के अपराधी हैं और इनक खिलाफ कई संगीन मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि कुबेर सिंह पूर्व में तीन मोटरसाइकिल चोरी के मामले में बाल सुधार गृह मुरादाबाद में रह चुका है।


# तीन साल में पालिका को दिए 56 लाख 55 हजार पर नहीं मिली जैकेट

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में जीवनदायिनी नैनीझील में पालिका प्रशासन की ओर से नौकाय करने वाले हर पर्यटक से कहा जाता है कि वह लाईफ जैकेट पहनकर ही नौकायन करें नहीं तो जुर्माना देना पडेगा

## बिडंबना...

**2021 में जैकेट के लिए 11 लाख 22 हजार 000 में हुआ था टेंडर**



लेकिन हकीकत ठीक उसके उलटा है। नौकायन के दौरान पहनी जाने वाली लाइफ जैकेट अपनी उम्र पूरी कर चुकी है अगर ऐसे में कभी कोई घटना होती है तो पर्यटकों को अपनी जान से हाथ गवाना पड़ सकता है।

बता दें कि नई लाइफ जैकेट की मांग को लेकर नाव चालक लंबे समय से नगरपालिका प्रशासन से मांग कर रहे हैं लेकिन आज तक नगर पालिका प्रशासन से नाव चालकों को लाइफ जैकेट वितरित नहीं हुई है जिससे अब नाव चालक काफी परेशान है। बोट एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र सिंह चौहान की मानें तो सभी नाव चालक और मालिक समिति के सदस्य नगर पालिका से बीते 4 साल से नई लाइफ जैकेट देने की मांग कर रहे हैं। वर्ष 2021 में नगर पालिका द्वारा नाव समितियां को लाइफ जैकेट वितरित की गई थी।

इन चार सालों में लाइफ जैकेट पूरी तरह से फ टकर गंदी हो चुकी है और नौकायन करने वाले पर्यटक फ टी और पुरानी लाइव जैकेट पहनने से इनकार करते हैं। कई बार लाइफ जैकेट को लेकर पर्यटकों और नाव चालकों के बीच विवाद की स्थिति तक बन जाती है। जिसको देखते हुए कई बार एसोसिएशन के द्वारा नगर पालिका से नई जैकेट देने की माँग की है। नाव एसोसिएशन ने नगर पालिका को वर्ष 2021 से अब तक करीब 56 लाख 55 हजार रुपए का भुगतान नगर कर दिया। इसके बावजूद भी उन्हें नई जैकेट नहीं दी जा रही है। नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वर्ष 2021 में नाव के किराए में वृद्धि हुई थी जिसके बाद नगर पालिका ने जैकेट की कीमत में भी दोगुनी वृद्धि कर दी। पहले तक 1500 जैकेट के लिए उनके द्वारा 11 लाख 22 हजार रुपए का भुगतान किया जाता था। जिसे अब बढ़ाकर 22 लाख 44 हजार कर दिया गया है।



नरेंद्र सिंह चौहान।



*नैनीताल नाव चलको को जैकेट दिए जाने के लिए तीन बार टेंडर जारी किए गए लेकिन किसी ने टेंडर प्रक्रिया में प्रतिभा नहीं किया अब चौथी बार टेंडर प्रक्रिया फिर से की जा रही है। ताकि जल्द से जल्द नाव चालकों को नई लाइफ जैकेट दी जा सके।*
***–पूजा चंद्रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका। नैनीताल***

## नाव चालक समिति कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से जल्द करेगा मुलाकात

**नैनीताल।** नाव चालकों को जैकेट दिए जाने के लिए तीन बार टेंडर जारी किए गए लेकिन किसी ने टेंडर प्रक्रिया में प्रतिभाग नहीं किया अब चौथी बार टेंडर प्रक्रिया फिर से की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द नाव चालकों को नई लाइफ जैकेट दी जा सके। कहा काफी लंबे समय से नाव चालक नई लाइफ जैकेट की मांग नगर पालिका से कर रहे हैं। अब तक उनको लाइफ जैकेट नहीं मिली। अगर जल्द ही उनकी मांग पर विचार नहीं किया गया तो नाव चालक समिति कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से मुलाकात करेगा।



## हजरत मोहम्मद की योमें पैदाइश के मौके पर रजा क्लब से निकाला जुलूस

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

पत्ती-पत्ती, फूल- फूल यारसूल या रसूल बमन- चमन- कली- कली के नारों के साथ नैनीताल में सोमवार को हजरत मोहम्मद साहब की योमें पैदाइश के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दोपहर में मल्लीताल स्थित रजा क्लब से जुलूस निकाला। यह जुलूस बड़ा बाजार से होते हुए जिला अस्पताल मार्ग, गाडी पडाव तिराहा होते हुए मल्लीताल बाजार से होते हुए फि रजा क्लब पर समापन हुआ। इस मौके पर जश्ने ईद मिलादुल नबी कमेटी के अध्यक्ष फि रोज खान तथा महासचिव मो. खालिद, उपाध्यक्ष फ ईम अहमद तथा सचिव आँशु बख्श के अलावा परवेज आदि जुलूस में शामिल रहें। इस मौके पर मोहम्मद साहब की याद में कई नाते सुनाई गई। इस मौके पर कमेटी के अलावा सैय्यद काशीब जाफ री, अलीम अहमद, साहीद अली, नाजिम बक्श, समीर अली, इब्राहिम, मो. इस्लाम, अब्दुल वासित, अजीजुल हसन, मो. काशिम, अलीम खान, शहनवाज तथा सिकंदर अली सहित दिलावर खान, जमील अहमद के अलावा काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल रहें। समापन के दौरान मौलानाओं ने देश व प्रदेश में चैन अमन के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान हजारों लोगों ने हाथ उठाकर भाईचारे तथा एकता से रहने के लिए भी दुआ की।

## दस दिवसीय मार्कण्डेय पुराण का हुआ समापन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

ज्योलीकोट के दूरस्थ दुर्गम जंगलों के बीच स्थित पौराणिक मान्यताओं तथा आस्था का केंद्र श्री मार्कण्डेय आश्रम मंदिर मोरा दोगड़ा में मार्कण्डेय पुराण के दस दिवसीय आयोजन का समापन मगंलवार (आज) को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और भंडारे व प्रसाद वितरण के साथ होगा।

दूसरी ओर कथा के नवम् दिन यानी सोमवार को मार्कण्डेय पुराण में व्यास मोहन चंद्र भट्ट लाल बाबा ने दत्तात्रेय चरित्र की कथाए अत्रि अनसूया तथा दुर्गा सप्तशती, राजा हरिश्चन्द्र आदि कथा के प्रसंगों का वाचन किया और कहा कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्म की शक्ति की महिमा अपरंपार है। उन्होंने कहा कि अजर अमर मार्कंडेय ऋषि की साधना आज भी शीघ्र फ लदायी है। देर शाम से रात्रि तक भजन कीर्तन तथा धार्मिक अनुष्ठानों से जंगल में मंगल का अनुभव हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मार्कण्डेय आश्रम भीषण जंगलों के बीच स्थित है और लोगों की आस्था का बड़ा केन्द्र है, आश्रम के पास मार्कण्डेय कुंड हमेशा लबालब भरा रहता है। मान्यता है कि मार्कंडेय ऋषि ने उक्त स्थल पर तपस्या और सिद्धि प्राप्त की थी। आयोजक स्वामी त्रिलोचनानंद तथा आचार्य गौरव पांडे, व्यवस्थापक ललित जीना, राकेश सूर्या ने लोगों से समापन में शामिल होकर प्रसाद और भंडारा ग्रहण करने की अपील की है।



## NEWS / फटाफट

### भूस्खलन से लोगों के घर खतरे में



**नैनीताल।** नगर के समीपवर्ती ताकुला गांव में मार्ग में भूस्खलन के चलते ग्रामीणों के भवन खतरे की जद में आ गए हैं, फि लहाल लोगों ने किसी तरह तिरपाल से भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र को ढक कर घरों को सुरक्षित किया है। जानकारी के अनुसार बीते तीन दिन भारी बारिश के दौरान ताकुला गांव में बना आरसीसी मार्ग भूस्खलन की चपेट में आ गया जिसके चलते पूरा मार्ग टूटकर नीचे नाले में पहुंच चुका है। उप प्रधान कमला जोशी ने बताया कि भूस्खलन का प्रभाव ऊपर पूरन चंद्र जोशी व चेतन जोशी के घरों में भी पड़ा है जिसके चलते उनको दिक्कतों का सामना करना पड़ा है हांलाकि भवन स्वमियों ने भवनों को बचाने के लिए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में तिरपाल डाली है लेकिन बारिश के दौरान बड़े हादसे की भी संभावना है। उन्होंने प्रशासन से भूस्खलन क्षेत्र में बचाव कार्य करने की मांग की है।

### मॉल रोड की सड़क पर बना गड्ढा दे रहा हादसे को न्योता




**नैनीताल।** नगर की शान समझी जाने वाली अपर मॉल रोड में बीच सडक़ अचानक गड्ढा हो गया। सड़क में पड़ा गहरा गड्ढा वाहन सवारों के लिए खतरा बन गया है। सूचना के बाद लोनिवि की टीम ने मौके पर पहुंचकर गड्ढे का निरीक्षण किया है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल चर्च के समीप मॉल रोड में सोमवार को वाहनों की आवाजाही के बीच दोपहर में गड्ढा पड़ गया। गड्ढे के ऊपर लगातार वाहनों की आवाजाही के चलते गड्ढे का आकार बढ़ गया जिसके चलते आसपास के लोगों में भय का माहौल है। हांलाकि वहां से गुजर रहे स्थानीय निवासी नीरज जोशी ने गड्ढे की गहराई को देखते हुए वहां इट लगा दी ताकि वाहनों के टायर व लोगों का पैर गड्ढे में जाने से बचें। जिसके बाद लोगों ने सडक़ किनारे पड़ी जाली गड्ढे के ऊपर रख दी। सूचना के बाद लोनिवि की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि सडक़ में पुरानी सीवर लाईन टूटने के कारण सडक़ में गड्ढा बना है जिसकी जल्द ही मरम्मत कर दी जाएगी।

### हाजी अब्दुल मतीन ने दी जश्ने ईदे-मिलादुल-नबी की मुबारकबाद




**हल्द्वानी।** सामाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने समस्त प्रदेश एवं देश वासियों को जश्ने ईदे-मिलादुल-नबी की दिली मुबारकबाद देते हुए कहा कि हल्द्वानी के साथ-साथ पूरे प्रदेश में जुलूसे मोहम्मदी शान्ति पूर्वक निकालने के लिए स्थानीय जुलूस की कमेटियों के साथ-साथ स्थानीय व ज़िला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड आज भी आपसी भाई चारे का ऐसा गुलदस्ता है। जिसकी मिसाल पूरे देश में दी जाती है। सिद्दीक़ी ने बताया हल्द्वानी में 17-आज़ाद नगर मुजाहिद चौक पर हजारों की संख्या में अक़ीदतमंद सैकड़ो दुपहिया व चौपहिया वाहनो के साथ इकट्ठा हुए तदुपरांत उल्मायदीन की क़यादत में जुलूस निकाला गया जुलूस मुजाहिद चौक से नई बस्ती, इंद्रानगर बड़ी रॉड छोटी रोड, गोपाल मंदिर , ताजमस्जिद, लाईन नश 16,12 चोरगलिया रॉड लाईन नश 1 ईदगाह रोड,मीरा मार्ग,नया बाज़ार,रेलवे बाज़ार, किदवई नगर होता हुआ वापस मुजाहिद चौक पहुँचा वहाँ पर इमाम हजरारत ने पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद के जीवन पर प्रकाश डालने के साथ-साथ पूरे देश के आपसी भाई चारे व अमनो-अमान के लिए दुआ कराई ।साथ ही श्री सिद्दीक़ी ने बताया जगह-जगह अक़ीदत्त मंदों ने फल, नमकीन, बिस्कुट, खजूर, मिठाई व पानी आदि की भी व्यवस्था की थी। सिद्दीक़ी के पुत्रों ने भी अपने प्रतिष्ठान माशा शूज़ मीरा मार्ग पर हज़ारों लोगों को मिठाई, नमकीन,बिस्कुट,व पानी की बोतलों आदि का वितरण किया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
**–संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिन पर हवन यज्ञ

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

भारतीय जनता युवा मोर्चा नैनीताल जिले के जिलाध्यक्ष कार्तिक हर्बोला के नेतृत्व मैं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु की कामना के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा हीरानगर स्थित गोलज्यू मंदिर में हवन का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्तिक हर्बोला ने बताया कि आज प्रदेश के यशस्वी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का जन्मदिन के शुभ अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए एक हवन का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त उपस्थित रहे और सभी ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना करते हुए सभी ने उन्हें बधाई संदेश दिए और साथ ही यह भी कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आज उत्तराखंड प्रगति के पथ पर अग्रसर है और प्रदेश का चहमुखी विकास हो रहा है।



इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व मैं गरीब जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिससे की सभी को योजनाओं का लाभ मिल सके।

इस दौरान उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट,जिला महामंत्री रंजन बर्गली, पूर्व राज्य मंत्री प्रकाश हर्बोला , भाजपा नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, प्रतिभा जोशी, मनोज रावत, विशु शर्मा, विजय मनराल, योगेंद्र भट्ट, प्रिंस भारद्वाज, हिमांशु सनवाल, उदित चौधरी, रक्षित तिवारी, करन श्रीवास्तव, पंकज सूर्या, निक्कू साही,आदि पार्टी के पधाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अभिमत



## अस्मिता को खतरा!

*राजनीति से जुड़े आरोपी को पकड़ने पर नेताओं के फोन आने लगते हैं। कई अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण के कारण पीड़ित व्यक्ति आवाज नहीं उठा पाते हैं। यदि पीड़ित हिम्मत करके पुलिस तक पहुंचता है तो अपराधी को बचाने का प्रयास होता है। राजनीति से सीधे जुड़े व्यक्ति के पकड़ में आने पर पार्टी संगठन कार्रवाई करता है। वर्तमान में पार्टी संगठन और पुलिस ने कार्रवाई की है, इसलिए सत्तारूढ़ दल पर आरोप लगाना न्यायसंगत नहीं होगा। देवभूमि की अस्मिता बचाने के लिए सभी पार्टियों, सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर कारगर कदम उठाना होगा।*

पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या को लेकर पूरे देश में आक्रोश है। दुष्कर्म करने वालों को फांसी की मांग की जा रही है। इसी तरह का आक्रोश दिल्ली में फिजियोथैरेपिस्ट के साथ बस में सामूहिक दुष्कर्म के बाद भड़का था। कलकत्ता में डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या पर फूटा गुस्सा शांत नहीं हुआ था कि उत्तराखंड में दो नेताओं पर दुष्कर्म का आरोप लगने पर राज्य की राजनीति गर्मा गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा के राज में देवभूमि की अस्मिता खतरे में पड़ गई है। महिला अपराध की निंदा और उन्हें रोकने का आह्वान उचित है, लेकिन इसके लिए किसी पार्टी की सरकार को जिम्मेदार ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा। दुष्कर्म, हत्या तथा अन्य अपराध कांग्रेस के शासन में भी होते रहे हैं। दिल्ली का निर्भया कांड कांग्रेस के शासन में हुआ था। उत्तराखंड में कांग्रेस के शासन में जैनी कांड के छींटे मंत्रियों के दामन पर पड़े थे। दुष्कर्म सामाजिक व मानसिक विकृति तथा अपराध है। अपराध को रोकना किसी पार्टी विशेष की जिम्मेदारी के साथ समाज का दायित्व है। देशभर में दुष्कर्म, हत्या, अपहरण, डकैती, धोखाधड़ी आदि अपराध लगातार होते रहते हैं। जब किसी अपराध को लेकर गुस्सा फूटता है तो हर जगह से मीडिया में अपराधों से संबंधित समाचारों की बाढ़ जैसी आ जाती है। उत्तराखंड को देवभूमि इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यहां पर चारधाम के साथ ही पूरे राज्य में अनगिनत मंदिर, ऋषियों, संतों, तपस्वियों के आश्रम हैं। देवभूमि के लोग धार्मिक प्रवृत्ति और शांत स्वभाव के होते हैं। देश के अन्य राज्यों की तुलना में अपराध की घटनाएं कम होती थीं, परन्तु पिछले कुछ वर्षों से अपराधों में वृद्धि हुई है। पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद कोतवाली, थाने और पुलिस चौकियों की संख्या बढ़ाई गई है। पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों की तैनाती के साथ ही गश्त बढ़ाई गई है। अपवाद के तौर पर पुलिस की लापरवाही के एक-दो मामले उजागर जरूर होते हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण प्रशासन और पुलिस सख्त कार्रवाई नहीं कर पाती है। राजनीति से जुड़े आरोपी को पकड़ने पर नेताओं के फोन आने लगते हैं। कई अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण के कारण पीड़ित व्यक्ति आवाज नहीं उठा पाते हैं। यदि पीड़ित हिम्मत करके पुलिस तक पहुंचता है तो अपराधी को बचाने का प्रयास होता है। राजनीति से सीधे जुड़े व्यक्ति के पकड़ में आने पर पार्टी संगठन कार्रवाई करता है। वर्तमान में पार्टी संगठन और पुलिस ने कार्रवाई की है, इसलिए सत्तारूढ़ दल पर आरोप लगाना न्यायसंगत नहीं होगा। देवभूमि की अस्मिता बचाने के लिए सभी पार्टियों, सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर कारगर कदम उठाना होगा।

# नैनीताल में सीएम धामी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 50वें जन्मदिन के विशेष मौके पर जिला मुख्यालय नैनीताल में भाजपाईयों तथा जिला क्रीड़ा संघ की ओर से अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस मौके पर भाजपा मंडल के नेतृत्व में विधायक सरिता आर्या तथा सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत ने नैनीताल की मॉल रोड में पौधरोपण किया और उसके पश्चात श्री राम सेवक सभा में 50 किलोग्राम के लड्डू का भोग लगाकर लोगों को वितरित किया। कार्यक्रम में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रदेश की हरित संपदा को बढ़ाने के उद्देश्य से यह पौधरोपण किया गया।

इस दौरान सभी ने मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिन पर उनके योगदान और सेवाओं को भी सराहा गया। कार्यक्रमों में भाजपा मंडल के अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट समेत शान्ति मेहरा,अरविंद सिंह पडियार, विक्रम



सिंह रावत, विमला अधिकारी, कविता गंगोला, भावना मेहरा, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, मनोज जोशी, संतोष कुमार, नितीन सिंह कार्की, दया बिष्ट, हरीश राणा, मोहित लाल साह,डॉ भुवन चंद्र आर्या, डॉ. मोहित रौतेला, मारुति नंदन साह, अरुण कुमार, विकास जोशी, मोहन सिंह नेगी, दीवान सिंह रौतेला, मंजू रौतेला, गजाला कमाल, तारा राणा, लता दफ्‍तौटी,तारा बोरा, हेमा पांडे, ज्योति ढौंडियाल, मीनू बुधलाकोटी, शिवांशु जोशी, मनोज साह जगाती,नीतू जोशी, अमिता साह, प्रेमा आधिकारी, दिपिका बिनवाल,लाल सिंह बिष्ट तथा खजान सिंह डंगवाल ने भाग लिया।

दूसरी ओर डीएसए नैनीताल द्वारा क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया, इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो काल के माध्यम से दौड़ को फ्लैग आफ किया और धावकों व डीएसए पदाधिकारियों ने हैप्पी बर्थ डे कहकर मुख्यमंत्री को शुभकामनाएँ दी। मुख्यमंत्री ने खिलाडियों को लगातार आगे बढ़कर समाज और उत्तराखंड का नाम रोशन करने का आह्वान किया। डीएसए के महासचिव अनिल गढ़िया ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया साथ ही डीएसए द्वारा भविष्य में लगातार खेल गतिविधियां आयोजित करने का वायदा खिलाडियों से किया।

क्रॉस कंट्री दौड़ में राघवेंद्र सिंह बिष्ट भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने प्रथम, कृष्णा बिष्ट ने द्वितीय तथा सूरज बिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार हेतु पांच हजार रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार हेतु दो हजार और तृतीय पुरस्कार हेतु एक हजार रुपये की धनराशि के साथ ट्राफी भी प्रदान की गयी।

इस अवसर पर बालिका रनर मीनाक्षी फर्त्याल को पांच सौ रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। आयोजन को सफ ल बनाने में महासचिव अनिल गढ़िया, भाजपा नेता मनोज जोशी, बास्केट बॉल सचिव हरीश जोशी, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी गोविंद सिंह बोरा के साथ डीएसए के सम्पूर्ण कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन नवीन पांडे ने किया

## जन्मदिन पर फल वितरण और मिष्ठान वितरण

**हल्द्वानी।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुकसाल द्वारा कुष्ठ आश्रम मोतीनगर में फल वितरण और मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा नैनीताल के जिला अध्यक्ष संदीप कुकसाल ने कहा की प्रदेश को ऊर्जावान मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी मिले हैं और उनके नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। हम सभी कार्यकर्ता उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम गुरवीन कौर से बदलकर गुरवीन कोहली रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे गुरवीन कोहली (GURVEEN KOHLI) नाम से जाना पहचाना जाए। - **गुरवीन कोहली पुत्री सुरेन्दर कोहली, 14/27, गोविंदपुरा, भोटिया पड़ाव, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

## दो दिवसीय संकल्प नए उत्तराखंड कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनी महिला जागृति संस्था द्वारा आयोजित एवं नैनीताल बैंक द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय संकल्प नए उत्तराखंड का कार्यक्रम का विशेष आयोजन नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा प्रांगण में सोमवार से शुरु हो गया है।

बता दें कि कार्यक्रम के तहत लोक कला आधारित समूह नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा विशिष्ट अतिथि तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति नंदन साह, श्री राम सेवक सभा के पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह,सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत तथा पूर्व दर्जा मंत्री शांति मेहरा ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर किया।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन सेंट जॉन्स स्कूल ने नंदा राजजात पर आधारित, आरएसएस निशांत ने कुमाऊंनी झोड़ा, तथा छपेली, 79 यूके एनसीसी आर्मी डीएसबी ने नंदा देवी महोत्सव आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। निर्णायक हेमंत बिष्ट तथा रश्मि चंद्रा रहे। इसके पश्चात विधायक सरिता आर्या, नैनी महिला




जागृति संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला एवं संस्था की महिला सदस्यों समेत भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला समेत जीवंती भट्ट, ज्योति ढौंडियाल तथा संस्था के संरक्षक मोहित आर्या, आयोजक सचिव, हरीश सिंह राणा तथा विशाल वर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस पर केक काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का उद्घाटन किया।

संस्कृति विभाग उत्तराखण्ड द्वारा प्रायोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रख्यात लोक गायक राकेश खनवाल एवं बेबी प्रियंका के गीतों पर दर्शक झूमते दिखाई दिए। इस दौरान श्री राम सेवक सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, विमल चौधरी,भूपेंद्र सिंह बिष्ट, कैलाश जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, युवा नेता अरविंद सिंह पडियार, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जोशी, नितिन सिंह कार्की, महामंत्री मोहित लाल साह, मोहन सिंह नेगी, अमर साह, नीरज मेहरा, आशीष साह, अभिषेक बिष्ट, दीपा जोशी, कुसुमलता सनवाल, गीता नैनवाल, चंद्रा पंत, कमला चिलवाल, रश्मि राणा, कमला पांडे, मुन्नी भट्ट, सुमन शाह, अमिता शाह, मीनू बुधलाकोटी तथा सरिता अधिकारी व भगवती शर्मा, मंजू डालाकोटी व विक्रम सिंह रावत एवं अनिकेत शर्मा उपस्थित रहे। संचालन नीरज बिष्ट ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## कंगना ने पीएम मोदी को बताया ग्रेटेस्ट लीडर, जन्मदिन की दी बधाई




*अभिनेत्री और राजनेता ने लिखा, ग्रेटेस्ट लीडर को जन्मदिन की शुभकामनाएं। गैंगस्टर से अपने करियर की शुरुआत करने वाली कंगना ने अब तक एक लंबा सफर तय किया है। अब वह न केवल एक निर्माता और निर्देशक हैं, बल्कि एक राजनीतिज्ञ भी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी 17 सितंबर को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। वे आज 74 साल के हो गए हैं। उनके जन्मदिन के मौके पर सरकार और राज्यों के दिग्गज नेताओं समेत विपक्षी दलों के नेता और कई बॉलीवुड हस्तियां बधाई दे रहे हैं अब हाल ही में, कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर साझा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। अभिनेत्री और राजनेता ने लिखा, ग्रेटेस्ट लीडर को जन्मदिन की शुभकामनाएं। गैंगस्टर से अपने करियर की शुरुआत करने वाली कंगना ने अब तक एक लंबा सफर तय किया है। अब वह न केवल एक निर्माता और निर्देशक हैं, बल्कि एक राजनीतिज्ञ भी हैं। बता दें कि कंगना इन दिनों अपनी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज को लेकर काफी संघर्षों से जूझ रही हैं। हालांकि, सेंसर बोर्ड से उन्हें अभी तक हरी झंडी नहीं मिली है। फिल्म इमरजेंसी को लेकर आरोप लगाया गया कि फिल्म के ट्रेलर में गलत ऐतिहासिक तथ्य दिखाए गए हैं, जो न केवल सिख समुदाय को गलत तरीके से पेश करते हैं बल्कि नफरत और सामाजिक कलह को भी बढ़ावा देते हैं। हालांकि, अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने फिल्म में सही तथ्यों को ही दिखाया है और फिल्म से जुड़े हर विवादों के जवाब देने के लिए भी तैयार हैं।*

### टीम को हुआ वित्तीय नुकसान

*बता दें कि इमरजेंसी की रिलीज को शुरुआत में 6 सितंबर, 2024 के लिए निर्धारित किया गया था। हालांकि, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के साथ मुद्दों के कारण फिल्म को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। निर्माताओं को कुछ सीन्स को हटाने का निर्देश दिया गया था और फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग के साथ-साथ कई एफआईआर भी दर्ज की गईं। कंगना ने अब चल रहे विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि देरी के कारण उन्हें और इसमें शामिल टीम को वित्तीय नुकसान हुआ है और वह इस स्थिति से शर्मिंदा महसूस करती हैं।*

## कनाडा भेजने के नाम पर 18 लाख की धोखाधड़ी, मुकदमा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विदेश भेजने के नाम पर 18 लाख की धोखाधड़ी के मामले में एक महिला समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र भमरौला निवासी कमलदेव तिवारी पुत्र कुंवर तिवारी कोर्ट में दायर प्रार्थना में कहा कि वह पुत्र अभिषेक को कनाडा भेजना चाहता था। उसकी शिखा राणा पुत्री ओमवीर सिंह मेट्रोपोलिस सिटी रूद्रपुर से पहचान है और वर्ष 2021 में उसे गौरव सिंह पुत्र सेवा सिंह निवासी घासमंडी, रूद्रपुर से मिलवाया। बताया कि भमरौला में ही उसकी गौरव सिंह से ही पुत्र को कनाडा भेजने के लिए 20 लाख रुपए खर्च पर बात की थी। उसने गौरव सिंह पर विश्वास करते हुए 10 मई 21 को 13 लाख रुपए गौरव सिंह द्वारा बताये खाते (बीजा काउन्सिल नाम के खाते) में डाले गये। इसके बाद करीब - 1,31,000 रुपए ऑनलाईन गौरव विर्क को ट्रांसफर किये। पीड़ित के मुताबिक गौरव सिंह को कुल 18,00,000 रुपए दे चुका है। बताया कि गौरव सिंह ने उसके बेटे के फर्जी कागजात तैयार किये। इसकी जानकारी होने पर उसने कहा कि बेटे को फर्जी कागजातों पर मत भेजो। इस पर गौरव सिंह ने कहा कि मैं अपने हिसाब से काम कर रहा हूँ। इस बीच कई बार पंचायतें भी हुई किन्तु गौरव सिंह टाल-मटोल करता रहा। आरोप है कि गौरव सिंह ने न तो उसके बेटे को विदेश भेजा और न ही रुपए वापस किये जा रहे। उन्होंने आरोप लगाया है गौरव सिंह ने उसके साथ धोखाधड़ी कर विश्वासघात किया और फर्जी कागजात तैयार कर उससे रुपए हड़प लिए है। गौरव सिंह पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। रहा है। बताया कि 3 नंबर 2023 को थाना रूद्रपुर और 4 नंबर 2023 को एसएसपी को सूचना दी। मगर उसकी सुनवाई नहीं हुई। उसे मजबूरन कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

News कॉर्नर

## सीएम धामी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के मौके पर युवा संकल्प दिवस मनाते हुए जिला प्रशासन व जिला विकास प्राधिकरण ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें अधिकारियों कर्मचारियों व स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बेस अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में 60 यूनिट ब्लड रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अजय भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, दायित्व धारी अनिल कपूर डब्बू, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, लालकुआं विधायक डॉ मोहन बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बरगली, प्रकाश हारबोला, पान सिंह मेवाड़ी सहित दर्जनों लोगों ने प्रतिभाग किया, इस दौरान रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## डीएम ने की आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा

**रुद्रपुर।** जनपद में 20 सितंबर से 27 सितंबर तक आयोजित होने वाले 5वां राज्य स्तरीय ओलम्पिक 2024 की तैयारियों की जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कलेक्ट्रेट साभागार में सम्बन्धित आधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिसको जो दायित्व सौंपें गये है वे सभी अधिकारी समय से सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्राउंड की साफ-सफाई करते हुए ग्राउंड को खिलाड़ी के अनुकूल बनाये। ताकि खेल के दौरान खिलाड़ियो को किसी भी असहजता न हो और वे अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होने जिला युवा कल्याण अधिकारी को भी निर्देश दिये।

# पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण करने से पितर होते हैं प्रसन्न

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आश्विन मास के कृष्ण पक्ष को महालय पक्ष कहते हैं। माना जाता है कि इस पक्ष में पित्रगण स्वर्ग लोक से भू लोक में भ्रमण करने आते हैं। भाद्र मास के शुक्ल पक्ष पूर्णमासी और आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की 15 तिथियां मिलाकर 16 श्राद्ध माने गए हैं।

जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी के मुताबिक हिंदू धर्म में इन दिनों का विशेष महत्व माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद प्रदान करते हैं।



पितरों की कृपा से जीवन में आने वाली कई तरह की बाधाएं स्वत: ही दूर होती हैं। व्यक्ति को कई तरह की समस्याओं से भी मुक्ति मिलती है। जोशी के मुताबिक सनातन धर्म में ऐसी मान्यता है कि पितृ पक्ष में पितरों का स्मरण और उनकी पूजा करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। श्राद्ध न होने की स्थिति में आत्मा को पूर्ण मुक्ति नहीं मिलती है। विद्वानों के अनुसार पितृपक्ष में नियमित रूप से दान पुण्य करने से जातक की कुंडली में पित्र दोष भी दूर हो जाता है । इस पितृपक्ष में हर व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने पितरों को नियमित रूप से प्रतिदिन जल अर्पित करें। उन्होंने बताया कि पित्र तर्पण एवं श्राद्ध करने का विधान यह है कि सर्वप्रथम हाथ में जौं तिल व कुशा तथा जल लेकर संकल्प करें, इसके बाद पित्रों का आवाहन करना चाहिए। तर्पण के उपरांत भगवान सूर्य देव को प्रणाम करके उन्हें अर्घ्य भी देना चाहिए। कहा जाता है कि पूर्वजों का श्राद्ध तर्पण न किया जाए तो पित्र दोष का भागी बनना पड़ता है। इस महालय पक्ष में जो 16 दिन का माना गया है इसमें यह भी माना गया है कि जब तक पितर का श्राद्ध नहीं होता तब तक पितर उसके घर के मुख्य द्वार पर श्राद्ध के इंतजार में बैठे रहते हैं। श्राद्ध की यह परंपरा आगे बढ़ती चली गई और पितरों का श्राद्ध करके ब्राह्मणों को भोजन करवाया जाने लगा। हमारे हिंदू धर्म शास्त्रों में इस बात का भी उल्लेख है कि हवन में जो पितरों के निमित्त पिंड दान किया जाता है उसे ब्रह्मराक्षस भी दूषित नहीं कर पाते हैं। श्राद्ध में अग्नि देव को देखकर राक्षस भी वहां से चले जाते हैं क्योंकि अग्नि हर चीज को पवित्र कर देती है और पवित्र खाना मिलने से पित्र देवता प्रसन्न होते हैं इसलिए श्राद्ध में परोसे पत्तल के नीचे मंडल भस्माकं चतुष्कोण मंडल लिखित्वा जले कोयले से चौकोर मंडल लिखा जाता है।

### श्राद्ध कब कौन सा दिन

- 18 सितंबर- पूर्णिमा एवं प्रतिपदा श्राद्ध
- 19 सितंबर- द्वितीय श्राद्ध।
- 20 सितंबर- तृतीय श्राद्ध
- 21 सितंबर- चतुर्थी श्राद्ध
- 22 सितंबर- पंचमी श्राद्ध
- 23 सितंबर- षष्ठी एवं सप्तमी श्रद्धा।
- 24 सितंबर- अष्टमी श्राद्ध
- 25 सितंबर- नवमी श्राद्ध
- 26 सितंबर- दशमी श्राद्ध
- 27 सितंबर- एकादशी श्राद्ध।
- 28 सितंबर- इंदिरा एकादशी व्रत।
- 29 सितंबर- द्वादशी श्राद्ध
- 30 सितंबर- त्रयोदशी श्राद्ध।
- 1 अक्टूबर- चतुर्दशी श्राद्ध।
- 2 अक्टूबर- पितृ विसर्जन अमावस्या।

# पुलिस ने किया लूट की घटना का खुलासा एक लुटेरा गिरफ्तार, दो फरार

रुद्रपुर/चंपावत

हमारे संवाददाता

जनपद चंपावत पुलिस ने एक व्यक्ति से मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। जबकि दो फरार हो गए।

पुलिस के मुताबिक मुनियानी चंपावत निवासी लक्ष्मी दत्त भट्ट ने पुलिस को बताया था 5 सितंबर 24 को चंपावत से वापस घर को जा रहा था। एक लाल रंग की गाड़ी में लिफ्ट ली गई। जिसमें वाहन चालक ने मुड़िया क्षेत्र में गाड़ी रोकने के सम्बन्ध में कहने पर गाड़ी नहीं रोकी और उसको जबरदस्ती आगे ले गए। बताया कि आरोप लगाया कि वाहन चालक व 2 व्यक्तियों उससे मारपीट करते हुए 13000 व अन्य सामान लूट लिया। पुलिस ने 309 बीएनएस में पंजीकृत जांच शुरू कर दी। किया गया। पुलिस ने बताया कि खुलासे में लगी पुलिस टीम ने सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से



घटना में प्रयुक्त वाहन संख्या यूके 06 डब्लू 8185 को घटना में संलिप्तता प्रकाश में आई। पुलिस के मुताबिक उक्त वाहन की लोकेशन टनकपुर क्षेत्र में मिली। वाहन स्वामी रामकिशोर पुत्र माखनलाल गंगवार, निवासी मुड़ियातोली, नवाबगंज, बरेली से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि 5 सितंबर 24 को उसके द्वारा उसके दो अन्य साथियों 1- सोनू गंगवार तथा 2- साजन गंगवार, निवासी उपरोक्त के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। जबकि फरार दोनों की तलाश की जा रही है।

वांछित अभियुक्त-सोनू गंगवार तथा 2- साजन गंगवार, निवासी मुड़ियातोली, नवाबगंज, बरेली, यूपी।

टीम में एसआई राजेश मिश्रा, चम्पावत, एसआई ललित पांडेय, कोतवाली चम्पावत, चौकी प्रभारी बाजार राधिका भंडारी, एएसआई प्रदीप जोशी, कोतवाली चम्पावत, किशोर सिंह, पंकज पाण्डेय चम्पावत, राकेश गिरी, थाना टनकपुर आदि शामिल रहे।

# महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में नैनीझील में लगाई छलांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के श्री मां पाषाण देवी मंदिर के पास सोमवार को एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जीवनदायिनी नैनीझील में छलांग लगा दी। गनीमत यह रही कि पर्यटकों को नैनी झील में नौकायन कर रहे नाव चालक ने उसे डूबता देख लिया जिसके बाद नाव चालक और पर्यटकों ने नैनी झील से निकालकर बेहोशी की हालत में महिला को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया,जहां फिलहाल महिला का उपचार चल रहा है। राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल की डॉ. नेहा कांडपाल ने बताया कि महिला को कुछ लोग गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे जिसका प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। दूसरी ओर महिला की पहचान नैनीताल शेरवानी निवासी राधा देवी के रूप में हुई है। महिला के परिजनों और पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है वहीं सूचना के बाद महिला का पति और उसके परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए जिन्होंने बताया महिला मानसिक रूप से कुछ दिनों से परेशान थी जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया होगा।

## दो युवतियां लापता

**हल्द्वानी।** थाना बनभूलपुरा क्षेत्र से दो युवतियां संदिग्ध हालत में लापता हो गई है। परिजनों की ओर से दोनों की गुमशुदगी बनभूलपुरा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस युवतियों को तलाश कर रही है। जवाहर नगर वार्ड नंबर 14 निवासी अफसाना, पत्नी मो. रईस ने थाना बनभूलपुरा में शिकायत की है कि उसकी बहन सनोवर (उम्र लगभग 20 वर्ष) और पुत्री महक (उम्र लगभग 15 वर्ष) 15 सितंबर की शाम करीब 5 बजे घर से बिना सूचना के कहीं चली गई हैं। उसका कहना है कि उसकी बहन सनोवर, जो बिहार से हाल ही में आई थी व उसकी पुत्री महक को बहला-फुसलाकर ले गई है। दोनों की ढूंढ खोज भी की गई लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं लग पाया।महिला ने दोनों की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

# अधिकारियों ने किया बजून - अधोड़ा मोटर मार्ग का निरीक्षण

नैनीताल/भीमताल

हमारे संवाददाता

भीमताल ब्लॉक के ब्लाक प्रमुख हरीश सिंह बिष्ट ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बजून -अधोड़ा मोटर मार्ग का निरीक्षण किया। मार्ग में जगह-जगह पर हो रहे भूस्खलन से ग्रामीणों का जिला मुख्यालय तक संपर्क कट चुका है। भूस्खलन से आवासीय भवनों को खतरा बना हुआ है। पीएमजीएसवाई विभाग सुध लेने तक नहीं पहुंचा। विभाग द्वारा भेजी मशीन तीन दोनो से खड़ी है।

मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए भीमताल के ब्लाक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ प्रभावित मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण जान जोखिम में डालकर जीने को मजबूर हैं। विभाग की पूर्व में लापरवाही से भूपाल सिंह ढेला, हरेंद्र सिंह ढेला तथा पूरन सिंह ढेला के आवासीय भवन को खतरा बना हुआ है, साथ ही स्थानीय लोगों के वाहन भी भूस्खलन की चपेट मे आकर दब गए हैं। ग्रामीणों ने विभाग पर घोर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों को दैनिक जीवन यापन की समस्या आने लगी है। ग्रामीणों का दूध व सब्जी खराब हो रही है साथ ही स्कूल के बच्चे जान जोखिम में डालकर पहाड़ी से आ रहे हैं। ब्लाक प्रमुख डा.बिष्ट के मुताबिक ग्रामीणों ने बताया कि दूध सब्जी बाजार तक ना पहुंचने से आर्थिकी का संकट आने लगा है।

ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने निरीक्षण के दौरान विभाग की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की गयी। उनके द्वारा जनप्रतिनिधियों व उच्चाधिकारियों को मार्ग से सम्बन्धित गलत सूचनाएं दी गई। ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने जनप्रतिनिधियों को सही जानकारी देने के निर्देश दिए तथा तत्काल मार्ग सुचारू करने के निर्देश दोनो विभागों को दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान द्वारा बताया कि मार्ग खोलने को विभाग को कहा गया, विभाग द्वारा ग्रामीणों की सुध नहीं ली जा रही, ग्रामीण खतरे की जद में हैं। रोजमरा की सामग्रियों का संकट आने लगा है। प्रमुख ने दूध, सब्जी तथा दैनिक कार्यो के लिए ग्रामीणों के लिए पैदल वैकल्पिक पैदल मार्ग तत्काल बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान प्रधान अधोड़ा प्रेमा मेहरा, मीनाक्षी टम्टा,गोविन्द सिंह राणा, पूर्व प्रधान मनमोहन सिंह कनवाल, श्याम सिंह मेहरा, बहादुर सिंह,मनीष मेहरा, पूरन अधिकारी, शंकर सिंह,धीरेंद्र सिंह, भूपाल सिंह, गोविन्द अधिकारी, धीरेंद्र जीना, कमल कुल्याल, बीडीओ महेश्वर अधिकारी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियंता पीएमएसवाई, ग्राम पंचायत अधिकारी किरन कोछड़ सहित ग्रामीण विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## चमोली जिले में युवती ने पिंडर नदी में लगाई छलांग

**चमोली।** उत्तराखंड के कर्णप्रयाग में मंगलवार को एक युवक ने पुल से पिंडर नदी में छलांग लगा दी। युवती के नदी में कूदते ही वहां लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने युवक की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। जानकारी के अनुसार, दोपहर में लोगों ने देखा कि एक युवती सुभाष नगर से आईटीआई को जाने वाले पुल पर खड़ी है। इस दौरान उसने अचानक से छलांग लगा दी।

# सीएम धामी के जन्मदिन पर खिलाड़ियों के साथ काटा केक

बेतालघाट/नैनीताल

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन बेतालघाट स्टेडियम में पूर्व जिला मंत्री युवा मोर्चा सामाजिक कार्यकर्ता तारा सिंह भंडारी के नेतृत्व मे बॉलीबॉल,फुटबॉल बैडमिंटन, कब्बड्डी के खिलाडियों के साथ केक काटकर बच्चों को मिष्ठान व जूस वितरण किया।

सीएम धामी की के दीर्घायु की कामना नकुवा बुबू की कृपा इनके ऊपर बनी रहे उसके लिए



प्रार्थना की इस मौके पर कार्यक्रम में पूर्व मण्डल महामंत्री दलीप सिंह नेगी, महेंद्र जलाल, भुवन मचखोली, रवि कुमार, आदि सैकड़ो यूवा साथी उपस्थित रहे।

# सीएम धामी का जन्मदिन, नगला में स्वच्छता अभियान और समाजसेवा की मिसाल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

सीएम पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन नगला में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगला बचाओ कमेटी ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में एक स्वच्छता अभियान चलाया।

जिसमें नगर पालिका क्षेत्र की सफाई पर जोर दिया गया। मातृशक्ति ने इस पावन दिन पर श्री पंचेश्वर मंदिर में पूजन और हवन का आयोजन किया। सीएम धामी की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। समाजसेवा की भावना के तहत पूर्व विधायक राजेश शुक्ला और नगला बचाओ कमेटी ने हल्दुचौड़ स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंच कर सभी परिवारों को



फल और भोजन वितरित किया गया। इस कार्यक्रम ने लोगों के बीच समर्पण और सेवा के महत्व को उजागर किया। पूर्व विधायक शुक्ला ने सीएम धामी की दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि सीएम का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत को अपने शासन में आत्मसात करते हुए उत्तराखंड को एक विकसित और समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि सीएम धामी न केवल प्रदेश के विकास के लिए कार्यरत हैं, बल्कि आम जनमानस के हितों की रक्षा करते हुए सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के ध्येय के साथ काम कर रहे हैं।

वहां पर युवा नेता मंडल उपाध्यक्ष सचिन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र बाल्मीकि,हरीश जोशी, सुभाष गुप्ता, संतोष शुक्ला, सत्येंद्र रावत, बिमला रावत, सोनाली दुबे, नारायण सिंग अरमोली, रामू बिस्ट, पप्पी बिस्ट, अनिल वर्मा, सुनील रोहिला, विकेश, विजय कुशवाहा, कमलेश कन्नोजया, संतोष शुक्ला, सत्येंद्र रावत, मनोज यादव,उमेश चंद्र जोशी,भोला, जयकारनाथ गुप्ता,शंकर साहू आदि मौजूद रहे।